

# 'जीतो' बिज़नेस नेटवर्क स्वयम् वी प्रेन्योर्स की बैठक सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन(जीतो) बिज़नेस नेटवर्क स्वयम वी प्रेन्योर्स की बैठक चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में नई लीडरशिप टीम ने आगामी छह महीनों के लिए अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की, जिसमें 108 सदस्यों तक विस्तार करना, 1 करोड़ के व्यवसाय का लक्ष्य हासिल करना तथा नियमित रूप से सीखने, नेटवर्किंग और 1-टू-1 मीटिंग्स को बढ़ावा देना प्रमुख रहा। लेडीज़ विंग की चेयरपर्सन बबीता रायसोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि यह एक नई सोच की शुरूआत है, जहाँ महिलाएँ अपनी पहचान को आगे बढ़ाएँ। बैठक के दौरान 22 सदस्यों की उपस्थिति थी, जिसमें 7 रेफरल्स का आदान-प्रदान हुआ, 2 विजिटर्स ने भाग लिया और 2 टेस्टिमोनियल्स साझा किए गए। ङ्कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्याओं वेलकम किट वितरित किए गए। अंत में सभी सदस्याओं के उत्साह, सहयोग और प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी इसी तरह मजबूत व्यवसायिक संबंधों के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। इस आयोजन में रेफरल हेड मीतू जैन, रेफरल लीड तृप्ति जैन और रेफरल सचिव मिलोनी शाह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# महिला उद्यमियों के लिए 'स्वयं-वी कनेक्ट' की नई शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन(जीतो) स्वयं-वी कनेक्ट, महिला बिज़नेस रेफरल ग्रुप की एक बैठक राजाजीनगर कार्यालय में सम्पन्न हुई। लेडीज विंग नॉर्थ की चेयरपर्सन लक्ष्मी बाफना के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर समूह द्वारा कुछ नए और इनोवेटिव प्रयास भी प्रस्तुत किए गए। बैठक में डिस्पले लाउंज कॉन्सेप्ट का अतिरिक्त लाभ प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में एडइलेव8 के डायरेक्टर क्लाइंट पार्टनरशिप्स वरुण विनोद कुमार चोबारी द्वारा वीडियो एडिटिंग एवं कंटेंट क्रिएशन पर व्यावहारिक जानकारी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने वीएन एप्लीकेशन और कैनवा के उपयोग का लाइव प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया मैनेजर जयंत कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में शैक्षिक सत्र के अंतर्गत पूर्वी जसानी द्वारा रेफरल्स के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। डोर प्राइज़ के रूप में सर्वश्रेष्ठ 30-सेकंड पिच हेतु पूनम सुराणा, सर्वाधिक बिज़नेस देने वाली के रूप में चेरिका जैन तथा रेफरल चैंपियन के रूप में लक्षिता कटारिया को सम्मानित किया गया। महामंत्री रक्षा छाजेड़ ने सभी को शुभकामनाएं दी।



# चरित्र प्रधानता ही समाज में सर्वोपरि हो : आचार्य विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कुकनूर। शुक्रवार को वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के नूतन स्थानक भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि समग्र जैनाचार चरित्रप्रधान है। यहां साधु-संतों का ही नहीं, श्रावक-श्राविकाओं का जीवन भी चरित्रवान होना चाहिए। इसके लिए विपुल मात्रा में साहित्य रचना हुई है। चरित्रहीनता और जैनाचार, दोनों सर्वथा भिन्न मार्ग हैं। वे कभी साथ नहीं चल सकते, इसलिए वर्तमान में यदि साधुओं या श्रावकों में कहीं आचारगत शिथिलता दिखाई देती हैं तो वह समाज की उदासीनता है, स्वीकृति नहीं। प्राचीन साहित्य में ऐसे हजारों उल्लेख मिलते हैं कि चरित्रहीन बड़ा व्यक्ति भी त्याज्य है और चरित्रवान सामान्य व्यक्ति भी पूजनीय। व्यवहारिक जगत में यही मापदंड स्थापित हुए हैं कि जीवन के हर क्षेत्र में चरित्र की शुद्धता परिलक्षित होनी चाहिए। चरित्रहीन की धर्मसाधना और उसका दान, पाखंड से अधिक कुछ भी नहीं है। चरित्रशुद्धता की इन पारंपरिक बातों ने ही वर्तमान जैन समाज को आधुनिक काल में भी अपेक्षाकृत शांत, संस्कारी, अहिंसक, अपराधमुक्त और सुरक्षित रखा है।ङ्कङ्कजैनाचार्य ने कहा कि आधुनिक जगत में वैभव की अत्यधिक बोलबाला है। आज धन के प्रदर्शन में चरित्र के दर्शन गौण बन गये हैं। यही कारण है कि नई पीढ़ी में सत्ता, शक्ति, संपत्ति और बुद्धि के प्रति अत्यधिक आकर्षण है, जबकि सदाचार के प्रति विशेष रुचि नहीं। अब अच्छे घरों की कन्याएं शराब, ड्रग्स और व्याभिचार के मार्ग पर प्रवृत्त हैं। विवाह पूर्व और विवाहेतर संबंधों को घृणा की नजरों से नहीं देखा जा रहा। चरित्रहीन लोग भी समाज व राजनीति में बड़े बड़े पदों पर काबिज हो रहे। गलत साधुओं और श्रावकों को कहने वाला कोई नहीं बचा। चरित्रहीनता के सभी उपक्रम सहज स्वीकृत हो रहे। इस प्रकार एक दानवीय दुःखदायी संसार की निर्मिति हो रही है ।धीरे धीरे मर्यादाओं का टूटना सारी सामाजिक व्यवस्थाओं को छिन्नभिन्न कर देगा। धर्मसभा में स्थानीय जैन-अजैन श्रद्धालुओं के अतिरिक्त गदग, कोप्पल, हिरियूर, पुणे, बेंगलूरु, हुब्बल्ली, बल्लारी आदि अनेक क्षेत्रों के लोग उपस्थित थे।

सांयकाल को विभिन्न प्रोफेशनल क्षेत्रों में कार्यरत युवक-युवतियों के साथ परिसंवाद हुआ। जैनाचार्य ने कहा कि नौकरी और धन से अधिक जीवन के नैतिक मूल्यों को सुरक्षित रखकर ही हम सुखी बन सकते हैं। इससे पूर्व प्रातः नगर आगमन पर सैकड़ों भक्तों ने आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी और गणि पद्मविमलसागरजी के साथ सभी श्रमणों का भावभीना स्वागत किया। कई किलोमीटर तक लोगों ने संतों के साथ पदयात्रा की। दिनभर यहां दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। पहली बार जैनाचार्य कुकनूर आए हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन

**CHANGE OF NAME**
**I, PARTHA SARATHI. M.R.** Son of M.Muni Narayana, residing at No. 457, 10th G Main, 6th Block, Near Albek, Rajajinagar, Bangalore - 560010, I declare that in my Indian army service record my father name has been mentioned as **MUNINARAYAN** instead of **M.MUNINARAYANA.** I declare that this has to be corrected in my service Record, vide affidavit dated 24/4/2026 sworn to before Vani G K Advocate and Notary Bangalore.

**CHANGE OF NAME**
**I, PARTHA SARATHI. M.R.** Son of M.Muni Narayana, residing at No. 457, 10th G Main, 6th Block, Near Albek, Rajajinagar, Bangalore - 560010, I declare that in my Indian army Service record my mother name has been mentioned as **C.RENJKA** instead of **RENUKA.C.R.** I declare that this has to be corrected in my service Record, vide affidavit dated 24/4/2026 sworn to before Vani G K Advocate and Notary Bangalore.



# उत्साहपूर्ण वातावरण में साध्वीश्री पावनप्रभा ने किया बेंगलूरु नगर में प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ साध्वीश्री पावनप्रभाजी का शुक्रवार को बेंगलूरु सीमा में मंगल प्रवेश एवं स्वागत समारोह का आयोजन मैसूरु केंगेरी रोड स्थित पंचमुखी गणेश मन्दिर में हुआ। साध्वीश्री ने प्रातः तुलसी महाप्रज्ञ चेतना सेवा केंद्र कुंबलगुड़ से विहार किया तो साथ में तेरापन्थ सभा, राजराजेश्वरीनगर, विजयनगर, हनुमंतनगर एवं राजाजीनगर, यशवंतपुर के तेरापंथ युवक परिषद के सदस्य शामिल हुए। नगरसीमा में मंगल प्रवेश के साथ ही साध्वीश्री ने मंगल पाठ सुनाया। अपने स्वागत समारोह में साध्वीश्री पावन प्रभाजी ने कहा कि आज प्रसन्नता है कि गुरुदेव के निर्देशानुसार हम बेंगलूरु पहुंच गए। हम बेंगलूरु में धर्म की पूंजी को बढ़ाने एवं अपनी पूंजी सुरक्षित रखने के लिए आए हैं। धर्म की पूंजी आपकी जेब में होगी तो आपका घर, परिवार सुख समृद्धि और शांति से सरोबार होगा। साध्वी वृंद ने सामूहिक गीतिका की प्रस्तुति दी।ङ्क तेरापंथ सभा गांधीनगर के अध्यक्ष पारसमल भंसाली ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सभा के मंत्री विनोद छाजेड़ ने किया। सीमा प्रवेश कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु संयोजक रतन दक को साधुवाद दिया गया।

# बेंगलूरु में 'रुद्रलाइफ़' की भव्य रुद्राक्ष प्रदर्शनी शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रुद्राक्ष के क्षेत्र में विशेषज्ञ संस्था रुद्रलाइफ़ द्वारा बेंगलूरु में एक विशेष प्रदर्शनी-सह-बिक्री का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 23 से 27 अप्रैल तक चलेगा। नेपाल से लाए गए असली रुद्राक्ष, जो आईएसओ प्रमाणित लैब द्वारा जाँचे गए हैं। छात्रों के लिए 'सरस्वती बंध', स्वास्थ्य के लिए 'स्वास्थ्य बंध' और सफल व्यक्तियों के लिए 'सिद्ध माला' जैसे कई पावर कॉम्बिनेशन उपलब्ध हैं। प्रदर्शनी में 1 से 21 मुखी रुद्राक्षों वाली अत्यंत दुर्लभ 'इंद्र माला' भी आकर्षण का केंद्र है। प्रदर्शनी में विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श उपलब्ध है। अलसूर लेक के पास लेमन ट्री प्रीमियर होटल में सुबह 10 से 8 बजे रात्रि तक प्रदर्शनी देखी जा सकती है।




# दिग्गज तेंदुलकर ने घर पर प्रशंसकों के साथ मनाया 53वां जन्मदिन

मुंबई/भाषा। भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को अपना 53वां जन्मदिन अपने घर पर परिवार और विभिन्न आयु वर्ग के प्रशंसकों की मौजूदगी में मनाया। इस मौके पर उनकी पत्नी अंजलि भी उनके साथ मौजूद रहीं।

'मास्टर ब्लास्टर' सचिन तेंदुलकर ने अपने आवास पर पहुंचे प्रशंसकों की तालियों और उत्साह के बीच केक काटा। उन्होंने इस दौरान अपनी तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनी एक छोटी बच्ची को देखकर उसे गोद में भी उठा लिया, जिससे माहौल और भावुक हो गया।

तेंदुलकर ने इससे पहले दिन की शुरुआत में सोशल मीडिया पर अपनी मां, पत्नी अंजलि और अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा, मेरी सुबह की परफेक्ट शुरुआत आई (मां), अंजलि और इस शरारती के साथ हुई। इससे बेहतर क्या हो सकता है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने तेंदुलकर के जन्मदिन के मौके पर आयोजित 'लीजेंड्स क्लब' कार्यक्रम के दौरान उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'पीटीआई' से कहा, मैं अपने भाई सचिन को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। उन्हें ढेर सारा प्यार और सम्मान मिले। उन्होंने कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि वह स्वस्थ रहें। मैं प्रार्थना करता हूं कि वह हमें प्रेरित करते रहें। मैं उनके लिए ढेर सारी खुशियां और प्यार की कामना करता हूं।

# पत्नी और मां की हत्या के बाद व्यक्ति ने बच्चों संग ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

तिरुपति। तिरुपति जिले में एक व्यक्ति ने पत्नी और मां की कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में अपने दो बच्चों संग ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान वेंकटकृष्णपलेम गांव के निवासी मोहन (37), उनकी पत्नी हरिता (35), मां चंद्रकला (65) और दो नाबालिग बच्चों के रूप में हुई है। पुत्तूर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जी. रवि कुमार ने पीटीआई-भाषा' को बताया, मोहन ने 22 अप्रैल को तिरुपति जिले में पहले पत्नी और मां की हत्या की तथा बाद में अपने बच्चों संग चलती ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। उन्होंने कहा, ''अभी तक कोई स्पष्ट मकसद सामने नहीं आया है, इसलिए हम हर पहलू की जांच कर रहे हैं। यह भी देखा जा रहा है कि मोहन किसी मानसिक समस्या से तो नहीं जूझ रहा था।'' प्रारंभिक जांच के अनुसार, मोहन ने अपने घर में साड़ी से पत्नी की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या की और बाद में इसी तरह अपनी मां को भी मार डाला।



# 'मोतीलाल मुणोत कप' हेतु खिलाड़ियों की नीलामी संपन्न

## 14 मई से आयोजित होगी तीन दिवसीय प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांठा समाज की खेल प्रतिभाओं को एक सूत्र में पिरोने एवं खेल कौशल को निखारने वाले आयोजन 'मोतीलाल मुणोत कप केपीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता' के आगामी सीजन हेतु खिलाड़ियों की नीलामी शांतिनगर स्थित होटल में संपन्न हुई। कांठा प्रांत जैन ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता की नीलामी प्रक्रिया में ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी ने सभी का स्वागत करते हुए मोतीलाल मुणोत कप को खेल प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ युवाओं के सामाजिक रिश्तों को मजबूती देने वाला अवसर बताया। महामंत्री सिद्धार्थ बोहरा ने संचालन करते हुए कहा कि अन्य राज्यों के लिए प्रेरणास्रोत बनी इस प्रतियोगिता के माध्यम से कुछ खिलाड़ी आज राष्ट्रीय स्तर पर अन्य संघ-संगठनों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बनाई है। संघ के महामंत्री हंसराज मुणोत ने प्रेरक कविताओं से खिलाड़ियों में जोश भरा। नथमल गांधी, अशोककुमार गुगलिया ने अपने विचार व्यक्त किए। केपीपीएल संयोजक विजय गुगलिया के अनुसार सुरेंद्र गुंदेचा की अरिहंत एवेंजर्स, मोहनलाल सिंघवी की एचएमपी सिंघवी, सूरजमल कांतिलाल की कांठा टाइगर्स, झुपीबाई बाबूलाल कोठारी की रॉयल कोठरीस, सज्जनबाई जयंत सेहलोत की सेहलोत स्ट्राइकर्स एवं नथमल महावीर गांधी की वर्धमान ड्रीम्स इलेवन टीमों के बीच राउंड रोबिन मुकाबलों से विजेता का निर्धारण होगा। सह संयोजक अमित कोठारी ने बताया कि त्रिदिवसीय प्रतियोगिता 14 मई से रेलवे ग्राउंड में आयोजित होगी। सह संयोजक किरण गुगलिया, रमेश गुगलिया, विनोद गुगलिया, भरत गांधी एवं राहुल कटारिया ने विभिन्न प्रायोजकों जानकारी दी तथा सभी को धन्यवाद दिया। खिलाड़ी नीलामी कार्यक्रम में प्रतियोगिता ट्रॉफी एवं टीम जर्सी का अनावरण किया गया।



# 'संगठनात्मक मजबूती के साथ समाजोपयोगी कार्य पर जीतो अपेक्स ने दिया जोर'

## 'जीतो' नार्थ में जीतो अपेक्स के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन(जीतो) नॉर्थ चैप्टर के राजाजीनगर स्थित कार्यालय में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जीतो अपेक्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय भंडारी, महासचिव ललित डांगी, सचिव श्रीपाल बच्छावत एवं निदेशक प्रवीण शाह की उपस्थिति थी। इस अवसर पर केकेजी जोन के चेयरमैन प्रवीण बाफना, सचिव दिलीप जैन, नॉर्थ चैप्टर की कार्यकारिणी समिति, महिला एवं यूथ विंग के सदस्यों ने सहभागिता दर्ज की। ङ्कनार्थ चैप्टर के चेयरमैन विमल कटारिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए तीन वर्षों में हुए ऐतिहासिक आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि चैप्टर भविष्य में भी बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए संकल्पित है।

जीतो अपेक्स के महामंत्री ललित डांगी ने कहा कि संगठन को केवल मनोरंजन तक सीमित न रखते हुए समाज के उत्थान हेतु योजनाबद्ध सामाजिक कार्यों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय भंडारी ने जीतो नॉर्थ चैप्टर की सराहना करते हुए इसे एक यूनिवर्सिटी की संज्ञा दी, जहां से लीडर तैयार होते हैं। उन्होंने विमल कटारिया के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए अल्प समय में आठ हजार वर्गफीट का कार्यालय तैयार करना एक बड़ी उपलब्धि बताया। साथ ही महिला विंग द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। महिला विंग की मधु कटारिया द्वारा निःशुल्क कार्यक्रमों को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम में न्यूनतम शुल्क होना आवश्यक है, जिससे उसकी उपयोगिता और मूल्य बना रहता है। कार्यक्रम का संचालन दिनेश बाफना ने किया। अंत में अशोक भंडारी ने सभी को धन्यवाद दिया ।



# बीजेएस मैसूरु ने 'कैरियर कंपास' विषयक कार्यशाला आयोजित

मैसूरु/दक्षिण भारत। भारतीय जैन संगठन(बीजेएस), मैसूरु चैप्टर के तत्वावधान में शुक्रवार को कैरियर कंपास कार्यशाला का आयोजन किया गया। लेडीज़ विंग चेयरपर्सन शर्मिला धोका ने सभी अथितियों का परिचय दिया। कार्यशाला में सीईओ एन रविशंकर ने बताया कि कैरियर निर्माण एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है, जो आत्म जागरूकता, योजना और निरंतर सीखने पर आधारित है। एक सफल कैरियर न केवल वित्तीय स्थिरता प्रदान करता है, बल्कि व्यक्तिगत संतुष्टि और समाज में योगदान का अवसर भी देता है। कैरियर की शुरुआत अपनी रुचियों, कौशल, प्रतिभा और व्यक्तित्व को समझने से होती है। नेटवर्किंग में अपने क्षेत्र के पेशेवरों से जुड़ते हुए परामर्शदाताओं की मदद लेनी चाहिए। मॉनिटरिंग जैसी साइटों का उपयोग करें। यह आपको नए अवसरों के बारे में जानकारी दे सकता है। कार्यशाला में 9वीं व 12 वीं के 40 विधार्थियों भाग लिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष कुशल पालरेचा ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। योजना निदेशक कौशिक जैन ने सभी को धन्यवाद दिया।



# नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन का कर्नाटक में होगा विस्तार, बैठक सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की राज्य शाखा कर्नाटक की बैठक बनरघट्टा रोड स्थित एक स्कूल में आयोजित हुई जिसमें दक्षिण भारत में भी संस्था के विस्तार पर चर्चा हुई व संकल्प लिया। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पाण्डेय ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के हक के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की बन्द की गई रेल किराया छूट को फिर से बहाल कराने, साठ से सत्तर साल उम्र वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने,पुलिस थानों में सीनियर सिटीजन सेल का गठन कराकर उसका नियमित बैठक कराने, पुरानी पेंशन योजना लागू कराने, सीनियर सिटीजन एक्ट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए हम सभी आवश्यक प्रयास कर रहे हैं।कर्नाटका संयोजक प्रदीप कुमार ने कहा कि हमें मध्यम एव निम्न वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान देना होगा। वही राष्ट्रीय सलाहकार गोपाल चौरसिया ने बेंगलूरु सिटी में बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। प्रदीप कुमार को संघ की कर्नाटक इकाई का अध्यक्ष मनोनीत कर कार्यकारिणी समिति का गठन करने केलिए अधिकृत किया गया। इस मौक़े पर प्रेमशंकर ओझा, गीता मिश्रा, एस जींनत हसन खान, आरएस प्रसाद, एएस स्वामी, राज कुमार तार, एसएन शर्मा, एच.सोलंकी, मुख़्तार खान, नीरजकुमार पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## स्मृति शेष

बेंगलूरु के करुनाडु सिम्हा सैना द्वारा प्रसिद्ध अभिनेता डॉ राजकुमार के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को यशवंतपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महेंद्र मुणोत ने दिवंगत अभिनेता राजकुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके कर्नाटक सिनेमा जगत में उनके योगदान को याद किया। सैना के अध्यक्ष मुनिराज एवं अन्य सदस्यों ने अतिथियों को सम्मानित किया।

